साइबर सुरक्षा नुक्कड़ नाटक का मंचन

जलालाबाद-शाहजहांपुर। क्विक हील फाउंडेशन, सृजन-एक सोच संस्था व शाहजहांपुर पुलिस की ओर से पूरे जिले मे साइबर सिक्युरिटी विषय पर नुक्कड नाटको का मंचन हो रहा है,इसमे लोगो को ऑनलाईन ठगी कैसे की जाती है इसके बारे मे जानकरी दी जा रही है व इससे बचाव हेतु सभी को जागरूक किया जा रहा है,ओटीपी कभी किसी के साथ शेअर ना करे, सोशल मीडिया का ईस्तमाल कम से कम करे, सोशल मीडिया पे अपने फोटो एचडी क्वालिटी के ना हो, फेक लिंक फेक मेसेज फेक कॉल कभी ना उठाओ,और बहुत सारे विषय पे इस नुक्कड नाटक मे जानकारी दी जा रही है। यह नुक्कड नाटक शाहजहांपुर जिले की तहसीलों के सभी स्कूल, कॉलेज, मंदिर, बाजार और चौराहे पर किये जा रहे है, इसमे नाटक प्रस्तुत करने वाली टीम के कलाकार मुम्बई से योगेश शेट्ये, अमोल आगलावे, निलेश माने, कृष्णा नवले, गौरव निमकर,कृष्णा सकपाल आदि है जो नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को साइबर शिक्षा फ़ॉर साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूक कर रहे है।